दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

पत्रांक : 735/कुसका/2024

दिनांक : 04 दिसम्बर, 2024

सेवा में,

1. **समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक/प्रभारी,**
2. **अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,**
3. समस्त प्राचार्य/प्रचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय,
   दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर।

विषयः– विकसित भारत युवा नेता संवाद (क्विज चैलेंज) में अधिक से अधिक युवाओं को सहभागिता कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक संलग्न कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्याः ई–8911/32–जी0एस0/2024, दिनांक 01 दिसम्बर, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया, राज्य निदेशक, नेहरू युवा केन्द्र संगठन, उत्तर प्रदेश द्वारा श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश लखनऊ को सम्बोधित अपने पत्र दिनांक 30.11.2024 में माननीय केन्द्रीय खेल मंत्री एवं डॉ0 मनसुख्या मांडविया द्वारा वर्चुअल बैठक में 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' कार्यक्रम विश्वविद्यालय/संस्थान एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों से अधिक से अधिक युवाओं के प्रतिभाग कराये जाने हेतु किये गये अनुरोध पर राजभवन द्वारा अपेक्षित कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः राजभवन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में मा0 कुलपति महोदया के ओदश के अनुपालन में अनुरोध है कि विकसित भारत युवा नेता संवाद (क्विज चौलेंज) में विभागों, संस्थानों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों से अधिक से अधिक युवाओं का प्रतिभाग दिनांक 05.12.2024 तक सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही की आख्या से कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नक – यथोपरि।

कुलसचिव

पृष्ठांकन व दिनांक – उपरोक्त

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ।
2. अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।
3. उपसचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–49 भा0स0/सत्तर–3–2024, दिनांक 02 दिसम्बर, 2024 के क्रम में सूचनार्थ।
4. इंजार्च वेबसाइट को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के लागिन में अपलोड करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. वै0स0 कुलसचिव।
7. सम्बन्धित पत्रावली/गार्ड फाइल।

कुलसचिव